# 'मीडिया राउंड टेबल परिचर्चा अभियान को जन आंदोलन बनाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण'

उदयपुर। जल संचय और पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से प्रारंभ किए गए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत सोमवार को कलक्ट्रेट मिनी सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में मीडिया राउण्ड टेबल परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास और जलग्रहण के अधीक्षण अभियंता व कार्यवाहक एसीईओ अतुल कुमार जैन ने मीडिया कर्मियों को अभियान की प्रगति से अवगत कराया।

परिचर्चा को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास ने कहा कि जल संचय या पर्यावरण संरक्षण एक दिन या 15 दिन के अभियान तक सीमित रहने वाला विषय नहीं है। यह दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। जल संचय के संदेश को आमजन तक पहुंचा कर उनकी दैनिक जीवन की आदत में शामिल करना होगा। इसके लिए मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी मीडियाकर्मियों को जनहित और प्रकृति हित से जुड़े इस विषय में सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए जन-जन तक संदेश पहुंचाने का आव्हान किया।



उदयपुर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मीडिया राउण्ड टेबल परिचर्चा आयोजित हुई।

प्रारंभ में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक गौरीकान्त शर्मा ने मीडिया कर्मियों को स्वागत करते हुए परिचर्चा के संबंध में जानकारी दी। अधीक्षण अभियंता जलग्रहण एवं कार्यवाहक अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुल जैन ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के उद्देश्य और आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए उदयपुर जिले में अभियान के तहत अब तक आयोजित गतिविधियों की पीपीटी के माध्यम से जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 5 जून से प्रारंभ हुए अभियान के तहत उदयपुर जिले में अब तक 5500 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 7 लाख से अधिक लोगों की सहभागिता रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जल स्त्रोतों के साफ-सफाई, जीर्णोद्धार, वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर की सार संभाल, रैन वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में आमजन को जागरूक करने, हरयाळो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण की तैयारियां, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत निर्मित जल संरचनाओं का लोकार्पण, अवलोकन, नई स्वीकृतियां जारी करना, श्रमदान के माध्यम से जलस्त्रोतों, गौशालाओं, पशु चिकित्सालयों में साफ-सफाई की गतिविधियां आदि आयोजित की गई। इसके अलावा आमजन को जागरूक करने के लिए कलश यात्राएं, जल पूजन, पीपल पूजन, दीपदान जैसे आयोजन हुए। बच्चों के माध्यम से आमजन तक संदेश पहुंचाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से निबंध, पोस्टर आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत भामाशाहों के सहयोग से भूमिगत जल रिचार्ज स्ट्रक्चर आदि भी बनवाए जा रहे हैं।

परिचर्चा में प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास और अधीक्षण अभियंता अतुल जैन ने मीडियाकर्मियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। साथ ही परिचर्चा में शामिल सभी संभागियों को जल संचय का संकल्प दिलाया। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी विपुल शर्मा, सहायक जन संपर्क अधिकारी विनय सोमपुरा मौजूद रहै।

## एमबी हॉस्पीटल परिसर विस्तार मुख्यमंत्री को पत्र

उदयपुर। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज एवं महाराणा भूपाल अस्पताल, उदयपुर के परिसर विस्तार के लिए पास ही स्थित पशु चिकित्सालय एवं चर्च की भूमि के अधिग्रहण के संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। सांसद ने मुख्यमंत्री को बताया है कि इस भूमि के अधिग्रहण से उदयपुर में चिकित्सा व्यवस्था को और सुदृढ किया जा सकता है। सांसद डॉ रावत ने प्रधानाचार्य, रवीन्द्रनाथ टेगौर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं नियंत्रक, संयुक्त चिकित्सालय संघ के साथ ही कुछ संगठनों के आग्रह पत्र का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री को बताया है कि उदयपुर शहर में वर्ष 1961 से रविन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज एवं महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय संचालित है। यह चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय राज्य के उदयपुर संभाग जो जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र के साथ ही मध्यप्रदेश राज्य के नीमच, मन्दसौर जैसे मालवा क्षेत्र के जिलों को अपनी स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। आर.एन.टी मेडिकल कॉलेज राज्य का एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज है, जो मेडिकल छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहा है।

## कपिल राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

उदयपुर। मेवाड़ जनशक्ति दल की मुख्य कार्यकारिणी की सोमवार को सम्पन्न बैठक में कपिल पालीवाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया।बैठक में संगठन के संरक्षक अतुल शर्मा ने मेवाड़ जनशक्ति दल के उद्देश्यों और पिछले छह महीनों में आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। संगठन के संरक्षक गिरीश जोशी ने यज्ञोपवीत कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इसके महत्व को समझाया। सीए कर्तव्य शुक्ला ने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल पालीवाल के चयन की घोषणा की।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम जोहर युनुस मोगजी से बदलकर नया नाम जोहर मोगजी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-जोहर मोगजी पुत्र युनुस फखरुद्दीन मोगजी उपली पोल बांसवाड़ा

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक : उविप्र / नियमन रिकार्ड/2025/2526 दिनांक 13/6/2024

**आम-सूचना**

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारिसान / वसीयत / हक त्याग / विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. स. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या | आवेदक का नाम/ पिता का नाम | मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 26&50 (MUT NO. 1399) | 2703.5 | सविनाखसरा न. 759 | श्री बिलाल अहमद पिता स्व. श्री शोकत अली निवासीः रजा कालोनी, हिरण मगरी, से.9, उदयपुर (राज.) | श्री शौकत अली पिता श्री मोहम्मद आरिफ का स्वर्गवास दिनांक 11-04-2025 को होने पर उनके द्वारा की गई पंजीकर्त वसीयत दिनांक 5-1-2023 के आधार पर नामांतरण चाहा गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार उक्तभूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/ एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बन्धित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्तभूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदको के नाम पर जारी कर दिया जावेगा।

डॉ. अभिनव शर्मा - तहसीलदार-उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/7496 दिनांक : 12/06/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती अनुराधा पुरोहित पत्नि पत्नि श्री लक्ष्मण पुरोहित निवासी-श्रीजी कॉलोनी,नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -17 क्षेत्रफल- 2995 संत कृपा आवासीय कॉलोनी, नाथद्वारा | 100 फिट रोड | अन्य भूमि | भूखण्ड संख्या-18 | भूखण्ड संख्या-16 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा


# विधायक फिर पहुंचे आयड़ नदी, 30 जून तक नदी सीमा पर फेंसिंग के निर्देश

उदयपुर। आयड नदी के चल रहे सौन्दर्यीकरण को लेकर सोमवार सुबह उदयपुर शहर विधायक ताराचद जैन आयड नदी का फिर से निरीक्षण करने गए, जहां पर पूर्व में दिए निर्देश के बाद भी अभी तक नदी की सीमा पर फेंसिंग नहीं करने पर शहर विधायक जैन ने अधिकारियों पर आक्रोश जताया और 30 जून तक आयड नदी सीमा पर फेसिंग करने के निर्देश दिए ताकी वृक्षारोपण का काम शुरू किया जा सके। इसके साथ ही आयड नदी मे पडे कचरे को देखकर नाराजगी व्यक्त की और कचरे को भी हटाने के निर्देश दिए।

उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कुछ समय पूर्व आयड नदी में किए दौरे में नदी सीमा से 20 से 30 फीट अंदर तक की गई फेंसिंग को हटाकर नदी की सीमा की मार्किंग कर वहां पर फेंसिंग करने के निर्देश दिए थे। पर नदी में काम कर रहे ठेकेदार ने नदी की सीमा का छोडकर नदी पेटे में की फेंसिंग को हटा दिया पर सीमा पर अभी तक पुनः फेंसिंग नहीं की थी और निगम के अधिकारियों ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया था। इस पर सोमवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन आयड नदी पहुँच गए और वहां पर विधायक जैन ने अभी तक आयड नदी की सीमा पर फेंसिंग नहीं करने पर आक्रोश जताते हुए अधिकारियों से अभी तक फेंसिंग नहीं करने का कारण पूछा तो अधिकारियों के पास जवाब नहीं था। शहर विधायक जैन ने अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही पर नारजगी जताते हुए कहा कि बरिश के मौसम में नदी के दोनों छोर पर वृक्षारोपण करना और साथ ही किसी भी परिस्थिति में 30 जून तक आयड नदी की सीमा पर फेंसिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही नदी पेटे में एक-दो जगह पर पडे कचरे के ढेर को देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को कहा कि बारिश के पानी में यह कचरा पानी के साथ बहकर उदयसागर चला जाएगा। जैन ने शीघ्र से शीघ्र कचरे के ढेर को हटाने के लिए कहा। इस दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी, अधिशाषी अभियंता शशिबाला सिंह, भाजपा नेता नानालाल वया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्थान विद्यापीठ के संस्थापक जनुभाई को 114वीं जयंती पर नमन

उदयपुर। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर की 114 वीं जयंती सोमवार को प्रतापनगर परिसर में स्थापित जनुभाई की आदमकद प्रतिमा पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत , कुलाधिपति एवं कुल प्रमुख बीएल गुर्जर, पूर्व कुल प्रमुख प्रफुल्ल नागर, पूर्व कुलपति प्रो. दिव्यप्रभा नागर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, आशीष नागर के सान्निध्य में तीनों परिसर के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।



संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर की जयंती पर तीनों परिसर के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

- जनुभाई के सपनों को पूरा करने का लिया गया संकल्प

आईटी सभागार में वैदिक संस्कृति ही भारत का जीवन है विषय पर आयोजित व्याख्यानमाला में विषयप्रवर्तन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि योगः कर्मसु कौशलम का भाव भारतीय संस्कृति में परिलक्षित होता है। सम्पूर्ण विश्व को जीने का अर्थ सीखाता है भारत, ऐसे आत्म बोध का ज्ञान सिखाती है भारतीय संस्कृति । उन्होंने कहा कि धर्म पूजा पाठ तक ही सीमित नही है बल्कि सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं सांस्कृतिक विस्तारवाद का मूल आधार है। वैदिक संस्कृति विश्व बंधुत्व का भाव जागृत है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को चरितार्थ करना ही भारतीय संस्कृति का मूल है। जनुभाई ने वैदों के महत्वपूर्ण अंग शिक्षा को व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण अंग मानते हुए राजस्थान विद्यापीठ के रूप में राष्ट्र को समर्पित किया।

उन्होने कहा कि जनुभाई ने शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया है वह अतुलनीय है, हम सोच भी नहीं सकते कि आजादी के 10 साल पहले पांच कार्यकर्ता एवं 03 रूपये के बजट से इस संस्था की स्थापना की थी, आज वह 10 हजार विद्यार्थियों व एक हजार कार्यकर्ताओं के साथ करीब कुल एवं विश्वविद्यालय के 80 करोड़ के सालाना बजट के साथ एक वटवृक्ष बन चुका है। हमने कई ऐसे आयाम स्थापित किए जो उनके सपनों में थे। अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने जनुभाई को नमन करते हुए कहा कि 1974 में जनुभाई मुझे इस संस्था में लाये। मुझे कार्यकर्ता जनुभाई ने बनाया। विपरीत परिस्थितियों में लालटेन के सहारे जनुभाई विद्यापीठ की स्थापना की। आज विद्यापीठ वटवृक्ष बन गया है जिसे कर्म निष्ठा और समर्पण भाव से संजोना है। संस्था का कार्य विस्तार, समर्पण का भाव ही संस्था को सही मायने में सफलता सुनिश्चित करता है। समय की अनुशासन पूर्वक पालना ओर कर्म प्रधान रहते हुए कार्य करना प्रथमिकता हो। उस हेतु प्रेरित किया।

प्रमुख अतिथि पूर्व कुलपति दिव्य प्रभा नागर ने कहा जनुभाई ने बचपन से संघर्ष किया। बचपन में ही स्वतंत्रता के लिए आजादी के आंदोलन में कुद गये। आमजन में आजादी की अलख जगाने के लिए रात्रि में हाथ से लिख कर समाचार पत्र वितरित किए।


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/उप.एकी./2025/333 दिनांक : 08/04/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का पुर्नगठन/उपविभाजन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर पुर्नगठन/उपविभाजन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस ( कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री कुन्दन लाल सोनी पिता श्री ज्ञान चन्द्र सोनी, निवासी लोधा घाटी, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-78 क्षेत्रफल-1250 वर्गफिट, शिव नगर लाल बाग नाथद्वारा | 30 फिट रोड़ | भूखण्ड संख्या-73 | भूखण्ड संख्या-79 | भूखण्ड संख्या-77 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी**
**नगर विकास न्यास, चितोड़गढ़**

क्रमांक: LU2012/CHI/2025-26/101035 दिनांक: 16/06/2025

**लोक सूचना**

श्री MAHESH KUMAR INANI पुत्र श्री KHYALI LAL INANI जाति INANI निवासी 202, BLOCK-A, INANI RESIDENCY, CHITTORGARH

श्री VIMLA INANI पत्नी श्री MAHESH KUMAR INANI जाति INANI निवासी 202, BLOCK-A, INANI RESIDENCY, CHITTORGARH

श्री VISHAKHA KOTHARI पत्नी श्री ANUJ INANI जाति INANI निवासी 32-A KUMBHA NAGAR, CHITTORGARH

ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सेंटी, चित्तोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़) | MAHESH KUMAR INANI S/O KHYALI LAL INANI | 983 | 561 | 0.0561 |
| 2. | सेंटी, चित्तोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़) | VIMLA INANI W/O. MAHESH KUMAR INANI | 982 | 2250 | 0.225 |
| 3. | सेंटी, चित्तोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़) | VISHAKHA KOTHARI W/O ANUJ INANI | 981 | 3039 | 0.3039 |
| 4. | सेंटी, चित्तोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़) | VIMLA INANI W/O. MAHESH KUMAR INANI | 984 | 1000 | 0.1 |
| | | | | कुल | 0.685 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर **90-A For Development Authority (UDH)** आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज **16-06-2025** को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास न्यास, चितोड़गढ़


## प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह

उदयपुर। 'किसी भी समाज में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। युवा किसी भी राष्ट्र और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण संसाधन है। युवा ऊर्जा, उत्साह और नए विचारों से ओतप्रोत होते हैं जो समाज को ऊंचा उठाने में सहायक होते हैं।' यह बात महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति एवं कुलगुरु डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कही। डा. कर्नाटक आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज सभागार में सालवी (बुनकर) समाज, साठ खेड़ा उदयपुर के प्रतिभावान छात्र.छात्राओ के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में समाज के खेरोदा चौखला, मेड़ता, गिर्वाए मोड़ी और गवाड़ी चौखलो में निवासरत छह सौ से ज्यादा परिवारों व उनके प्रतिभावान छात्र.छात्राओं ने भाग लिया।

# जनजातीय अंचल में, अशिक्षा और असमानता को समाप्त करने सरकार दृढ संकल्पित : केबिनेट मंत्री बाबूलाल

उदयपुर। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनजातीय अंचलों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से चलाए जा रहे धरती आबा जनभागीदारी अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ सोमवार को जिले के आदिवासी बहुल कोटडा के एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल विद्यालय मैदान में आयोजित समारोह से हुआ। मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबू लाल खराडी रहे, जिन्होंने विधिवत रूप से अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर टीएडी मंत्री खराड़ी ने कहा कि कहा कि यह अभियान भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को समर्पित है, जिसे केंद्र सरकार जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जीवन गाथा से प्रेरणा लेकर जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं।



राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह में लाभ वितरित करते जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल।

उन्होंने कहा कि धरती आबा योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह मंशा है कि जनजातीय क्षेत्रों से गरीबी, अशिक्षा और असमानता को समाप्त किया जाए। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार दृढ संकल्पित है और मिलकर काम कर रही हैं। मंत्री कहा कि जल और जंगल के संरक्षण के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जंगलों को बचाने, जल स्त्रोतों का संरक्षण करने और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बने। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान जनजातीय क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम प्रभाव रहा, जिसका एक बडा कारण वहाँ का हरित और स्वच्छ पर्यावरण है। अतः भविष्य के लिए हमें इसे सहेजना ही होगा।

समारोह में गोगुन्दा विधायक प्रताप लाल गमेती ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के कारण उल्लेखनीय परिवर्तन आ रहा है, और सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे यह अभियान ग्रामीणों को योजनाओं से जोडने में मील का पत्थर साबित होंगे। जिला परिषद सीईओ रिया डाबी ने इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाकर योजनाओं में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

## उदयपुर के असद हसन बने लेफ्टिनेंट,

उदयपुर। लेकसिटी के असद हसन का लेफ्टिनेंट बन पहली बार उदयपुर आने पर पंचायती राज संघ के जिला अध्यक्ष एवं निर्वतमान पार्षद हिदायतुल्ला द्वारा उनके घर पहुंच स्वागत किया गया। मो. सलीम जो विद्या भवन सोसायटी में सेवारत है उनके होनहार पुत्र असद हसन के भारतीय सैन्य अकादमी देहरादुन में ट्रेंनिग कर लेफ्टिनेंट बनया।

# 'राइजिंग राजस्थान' के अंतर्गत एमओयू की प्रगति पर समीक्षा बैठक

उदयपुर। राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत किए गए समझौता ज्ञापनों एमओयू की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर मेहता ने पर्यटन विभाग से संबंधित एमओयू धारकों से उनके प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स की जानकारी ली और प्रत्येक एमओयू पर विस्तार से चर्चा की।

डीआईसी के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 की जानकारी देते हुए बताया कि निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट, कन्वर्जन चार्ज फ्री सहित अन्य निवेश अनुकूल प्रावधान किए गए हैं। यदि कुल कर्मचारियों के 75 प्रतिशत एससी, एसटी, महिलाएं या स्थानीय निवासी कर्मचारी के रूप में नियुक्त किए जाते हैं तो सरकार उनके ईएसआई और पीएफ में 75 फीसदी अंशदान करेगी। अन्यथा 50 प्रतिशत अंशदान का पुनर्भरण किया जाएगा। प्लांट और मशीनरी के लिए 5 करोड़ तक ऋण पर छह फीसदी ब्याज अनुदान, पांच करोड़ से 10 करोड़ तक चार प्रतिशत, 10 करोड़ से अधिक ऋण पर तीन प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा।



उदयपुर में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत एमओयू जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने भूमि की उपलब्धता, हिल टूरिज्म पॉलिसी तथा लैंड बैंक की स्थिति से एमओयू धारकों को अवगत कराया। रीको द्वारा वाणिज्यिक भूखण्डों की नीलामी की जानकारी भी साझा की गई। जिला कलक्टर ने निवेशकों से आग्रह किया कि वे राजस्व कन्वर्जन नियमों की पूरी जानकारी रखें एवं औद्योगिक कन्वर्जन से संबंधित प्रक्रिया को समझें। उन्होंने बताया कि एक लैंड बैंक तैयार कर पर्यटन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है। उस अनुसार उपयुक्त भूमि की पहचान कर पूर्ण आवेदन भेजें।

जिला कलक्टर ने कहा कि निवेशकों की वित्तीय स्थिति, एमओयू में प्रोजेक्ट की निष्पादन क्षमता का आंकलन आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि एमओयू से संबंधित मामलों में समन्वय स्थापित कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। यूडीए की आवंटन नीति को भी निवेशकों के साथ साझा करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि भूमि आवंटन या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभाग से समन्वय करें और आवश्यकता पड़ने पर सीधे संपर्क करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन निवेशकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के प्रयास जारी हैं। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेन्द्र सिंह राठौड़, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना, रीको, डीआईसी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फलासिया**

राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी फलासिया ब्लॉक-फलासिया, उदयपुर

Email : chc_phalasia@yahoo.com

क्रमांक : लेखा/NHM/ 2025-26/38/25 दिनांक:- 16/06/2025

**खुली निविदा सूचना**

इस कार्यालय के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन हेतु जॉब बेसिस एवं संवेदक के माध्यम से सेवाओं के लिए उपापन हेतु मोहर बंद निविदाए आमंत्रित की जानी है इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित शुल्क में निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में दिनांक 16.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्रदिनांक 26.06.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक जमा की जावेगी तथा दिनांक 26.06.2025 को अपरान्त 01.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 24x7 सफाई व्यवस्था | 2,70,000/- | 5,400.00 | 200/- |
| 2. | कलेवा योजना | 2,80,000/- | 5,600.00 | 200/- |

शर्ते :- अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी निविदा फर्म के अथवा कार्यालय समय में जाकर देखी जा सकती है।

1. कार्य की अवधि 31.03.2026 के लिए होगी। किन्तु विभाग के निर्देशानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. निविदा शर्तो की पालना करनी होगी एवं निविदा के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होगें।
3. अंतिम निर्णय का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेड़ि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
4. विभागीय स्वीकृति के अनुसार कार्मिको की संख्या कम या अधिक करने अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
5. निविदा प्रपत्र दिनांक 11.06.2025 से विक्रय किये जावेंगे।

**डॉ.कपिल शर्मा**
**चिकित्सा अधिकारी प्रभारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फलासिया झाड़ोल**